

# लंघाडोल दुकान से तीन महीने का राशन गायब

## उचित मूल्य दुकान में अनियमितता के आरोप, विक्रेता को हटाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। गरीबों के पेट का निवाला सुनिश्चित करने वाली सार्वजनिक वितरण प्रणाली सिंगरौली में ही सवालों के घेरे में खड़ी दिखाई दे रही है। लंघाडोल की शा. उचित मूल्य दुकान को लेकर सामने आई शिकायत ने खाद्य विभाग की निगरानी व्यवस्था की पोल खोलने का दावा किया है।**



सरई तहसील क्षेत्र के लंघाडोल उचित मूल्य दुकान के कई हितग्राही ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें करीब तीन महीने से राशन नहीं मिला, जबकि जुलाई में करीब 182 राशन कार्डधारकों के घर जाकर अंगूठा लगवाया गया। इसके बावजूद खाद्यान्न वितरण नहीं किया गया।

शिकायतें होने के बाद भी हितग्राहियों को अब तक राहत नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। मामला शासकीय उचित मूल्य दुकान लंघाडोल का है, जहां विक्रेता गोकुल साकेत को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई है। शिकायत कर्ताओं के अनुसार जुलाई में हितग्राहियों से घर-घर जाकर अंगूठा लगवाया गया, लेकिन राशन उनके हाथ नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि जुलाई से दुकान नियमित रूप से नहीं खुली। 7 सितंबर को दुकान कुछ समय के लिए खोली गई, लेकिन इसके बाद फिर बंद हो गई।

सबसे गंभीर सवाल ऑनलाइन और भौतिक रिकॉर्ड को लेकर उठ रहा है। यदि 182 हितग्राहियों के अंगूठे लगवाए गए थे तो उनके नाम पर पोर्टल और रजिस्टर में राशन वितरण की क्या प्रविष्टि दर्ज हुई, यदि राशन वितरित नहीं हुआ तो अंगूठा किस प्रक्रिया के तहत लिया गया।

### विक्रेता देता है एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी

ग्रामीणों का कहना है कि खाद्य विभाग की ओर से दो माह का राशन एक साथ उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन यह आश्वासन भी जमीन पर दिखाई नहीं दिया। राशन के इंतजार में हितग्राहियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। विक्रेता और उनके परिजनों पर अभद्र व्यवहार तथा विरोध करने पर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने के आरोप भी शिकायत में लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने राशन दुकान का आवंटन बढ़ाने के नाम पर सरपंच से हस्ताक्षर कराने का आरोप भी लगाया है। उनका दावा है कि अतिरिक्त राशन आने पर उसे हितग्राहियों के बीच वितरित कराने की बात कही गई थी। यहां के आवंटन, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड और हितग्राहियों के अंगूठे की डिजिटल जानकारी की जांच कराई जाना जरूरी है।

### कई विक्रेताओं पर खाद्य अमला मेहरबान

यह मामला अकेली दुकान तक सीमित है या जिले की अन्य उचित मूल्य दुकानों में भी इसी तरह की गड़बड़ियां चल रही हैं, यह जांच का विषय है। जिले में कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों को लेकर अनियमितताओं की चर्चाएं लगातार सामने आती रही हैं। आरोप तो यहां तक लगाए जाते हैं कि कुछ निरीक्षक स्तर के कर्मचारी दुकानदारों के साथ मिलीभगत कर शिकायतों को दबाने का प्रयास करते हैं और कुछ दुकानों से कथित तौर पर हर माह रकम तय होने की भी चर्चाएं हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। यदि विभाग के पास शिकायतें पहुंचने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती तो निगरानी तंत्र की भूमिका पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जिला खाद्य अधिकारी पीसी चंद्रवंशी का कहना है कि मामले की जांच देवसर एसडीएम द्वारा की जा रही है। जांच में अनियमितता या दोष सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बैढ़न में रेत कारोबार पकड़ा जोर

## बुधवार को पूरे दिन देवरा मार्ग में चला अवैध रेत परिवहन का कार्य

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर से अवैध रेत कारोबारियों को पुलिस कर्मी का संरक्षण मिला है। आरोप है कि पुलिस अधिकारियों को अंधेरे में रख कर अवैध रेत कारोबारियों को छूट दे रखा है। जहां आज बुधवार को देवरा से अल सुबह गनियारी मार्ग में आधा दर्जन ट्रैक्टर अवैध रेत के परिवहन कार्य में लगे हुये थे।**



दरअसल यहां के कोतवाल अवकाश पर चले गये, तब से अवैध रेत कारोबारियों को छूट मिली थी। कोतवाली बैढ़न में पदस्थ ऐसे कई चर्चित पुलिस कर्मी हैं, जिनके इशारे पर खुलेआम अवैध कारोबार होता रहता है। सूत्र तो यहां बताते हैं कि कथित पुलिस कर्मी के आगे कोतवाल की भी नही चलती थी। आलम यह है कि दो दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी अशोक सिंह परिहार को कोतवाली के निरीक्षण प्रभार से हटाकर अजाक थाना का डीएसपी बना दिया गया और नये कोतवाल के रूप में अभिमन्यु द्विवेदी निरीक्षक को प्रभारी बनाया गया। चर्चाएं हैं कि नवागत बैढ़न कोतवाली टीआई बाहर थे और इधर कोतवाली के पुलिस कर्मी अवैध कारोबारियों को खुली छूट दे रखी है। सूत्रों की बात यदि माने तो आज बुधवार की अल सुबह से लेकर देर शाम तक देवरा-गनियारी मार्ग में दिन दहाड़े आधा दर्जन ट्रैक्टर रेत के अवैध परिवहन कार्य में लगे हुये थे। चर्चाएं हैं कि कथित पुलिस कर्मी पूरे दिन निगरानी कर रहा था। एक ट्रैक्टर से पॉच-पॉच हजार रूपये फिक्स कर रखा था, यह पुलिस कर्मी कौन है, जांच के बाद ही पता चल पाएगा। कथित ईमानदार पुलिस कर्मी की यही मंशा रही होगी कि जब तक नवागत कोतवाली टीआई पदभार ग्रहण नही कर लेते तब तक अवैध कारोबारियों से अतिरिक्त कमाई-धमाई कर ली जाए और करीब-करीब उसकी योजना सफल रही। प्रबुद्धजनों ने देवरा-गनियारी मार्ग के घरों में आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों से जांच करा दी जाए तो कथित पुलिस कर्मी के काले कारनामो का भंडाफोड़ हो सकता है।

## एक नजर में



### 3 उप निरीक्षक पदोन्नत होकर बने निरीक्षक

**सिंगरौली।** पुलिस विभाग में पदोन्नति के क्रम में सिंगरौली जिले में पदस्थ उप निरीक्षक उदय करिहार, उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह एवं उप निरीक्षक सूरज सिंह को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सियाज केएम एवं एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा ने तीनों नवपदोन्नत अधिकारियों के कंधों पर नवीन पद के अनुरूप स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति की बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसपी एवं एएसपी ने भी पदोन्नति निरीक्षको को बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### अतिवृष्टि से घर में घुसा पानी, खाद्य सामग्री खराब



**सिंगरौली।** देवसर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़ौरा निवासी राजेंद्र प्रसाद पिता रामशुभग गोस्वामी ने अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान को लेकर प्रशासन से राहत एवं अनुदान राशि दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ित के अनुसार लगातार हुई बारिश के चलते उनके घर में पानी घुस गया, जिससे घर में रखी खाने-पीने की सामग्री सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं खराब हो गईं। पीड़ित ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच एवं स्थल निरीक्षण कर वास्तविक क्षति का आंकलन कराने की मांग की है।

### सरपंच-सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बैढ़न सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में पीरामल फाउंडेशन एवं कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नींव कार्यक्रम अंतर्गत सरपंचों, सचिवों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायतों को बाल हितैषी बनाने तथा उपलब्ध संसाधनों एवं शासकीय योजनाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई।

### गन्नई के गजरहिया में शिविर 11 को

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं मौके पर निराकरण के लिए 11 सितंबर को ग्राम पंचायत गन्नई के ग्राम गजरहिया में धान खरीदी केंद्र के पास जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है। पूर्व निर्धारित पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गन्नई के स्थान पर अब शिविर गजरहिया में धान खरीदी केंद्र के पास आयोजित होगा। शिविर में गन्नई सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### 27 हजार कीमत के देशी-विदेशी शराब जब्त

**सिगरौली।** आबकारी विभाग सरई की टीम ने आधा दर्जन गांवों में दबिश देते हुये करीब 27 हजार कीमत के देशी-विदेशी एवं 205 किलो महुआ लाहन बरामद कर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार आबकारी की टीम ने ग्राम खनुआखास, गजराबहरा व गोरा के आरोपी बाबू नंदन सिंह, केशमती सिंह, सुष्मिता सिंह, सियाराम जायसवाल, शांति देवी जायसवाल एवं जगदीश गुप्ता व ग्राम- पोंडीपाठ थाना-लांघाडोल में प्रेमवती साहू पति राजेश कुमार साहू के दुकान व रिहायसी मकान से बरामद किया है।

# एनसीएल प्रबंधन को इंटक ने दिया स्ट्राइक नोटिस

## 14 दिन में समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। एनसीएल में भर्ती हुए 2019, 2021 और 2022 बैच के एचईएमएम ऑपरेटर एवं तकनीकी कर्मचारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि और वेतन विसंगति का मुद्दा अब आंदोलन की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।**



आरसीएसएस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह ने आज बुधवार को एनसीएल प्रबंधन को स्ट्राइक नोटिस देकर कर्मचारियों को लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने, वेतन विसंगति दूर करने तथा एरियर का भुगतान करने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि उक्त बैच के कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में निर्धारित वेतनमान दिया गया और दो वर्षों तक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिला, लेकिन तीसरे वर्ष में कई कर्मचारियों को वृद्धि से वंचित कर दिया गया। खासतौर पर माह की 16 से 31 तारीख के बीच कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों को लेकर वेतन निर्धारण में विसंगति सामने आई है। संगठन ने कहा कि अमलोरी परियोजना के केवल चार कर्मचारियों को तीसरे वर्ष की वेतन वृद्धि का लाभ मिलाए जबकि समान बैच के अन्य परियोजनाओं के कर्मचारी इससे वंचित हैं। इससे कनिष्ठ कर्मचारियों का बेसिक वेतन वरिष्ठ कर्मचारियों से अधिक होने की स्थिति बन गई है।

### वेतन विसंगति दूर करने की मांग

आरसीएसएस इंटक ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियमों के अनुसार वेतन वृद्धि लागू करने, वेतन विसंगति दूर करने और बकाया एरियर का भुगतान करने की मांग की है। संगठन के मुताबिक इस मामले में पूर्व में भी पत्राचार और आंदोलन किए जा चुके हैं तथा 10 सितम्बर तक सार्थक कार्रवाई का आश्वासन प्रबंधन की ओर से दिया गया था। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि 14 दिन के भीतर मांगों का समाधान नहीं हुआ तो औद्योगिक संहिता के प्रावधानों के तहत आंदोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसमें जनजागरण, गेट मीटिंग, नारेबाजी और आवश्यकता पड़ने पर काम बंद हड़ताल शामिल है।

# सीईओ ने कतरिहार में पुलेट-ब्रीडर फीड फार्म का किया निरीक्षण

## स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद कर आय, रोजगार एवं मार्केट लिंकेज की ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिपं सीईओ संघप्रिय ने जनपद पंचायत चितरंगी का भ्रमण कर म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों का मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया।**



भ्रमण की शुरुआत ग्राम समुआर से हुई, जहां अहिल्याबाई स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित हैंडलूम गतिविधि का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से उत्पादों, उत्पादन क्षमता, बिक्री, मार्केट लिंकेज एवं आय की जानकारी ली गई। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता एवं बेहतर बाजार उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ग्राम कतरिहार में पुलेट-ब्रीडर फीड फार्म की प्रगति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से स्थानीय आदिवासी परिवारों को रोजगार एवं आय के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की निरंतर निगरानी के निर्देशित किया तथा मौके पर उपस्थित उपयंत्री एवं सहायक उपयंत्री को निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्राम अमिलहवा में लेयर मुर्गी पालन गतिविधि का निरीक्षण कर महिलाओं से उत्पादन, बिक्री एवं आय की जानकारी ली।

### अभिमन्यु द्विवेदी ने संभाला कोतवाली की कमान

**सिंगरौली 9 सितम्बर (एनबीएन)।**



कोतवाली बैढ़न में नवागत थाना प्रभारी अभिमन्यु द्विवेदी निरीक्षक ने आज कमान संभाल लिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने अभिमन्यु द्विवेदी को कोतवाली बैढ़न का प्रभारी नियुक्त किया था, जहां आज बुधवार को टीआई ने पदभार संभाल लिया है। नवागत कोतवाल के सामने कई चुनौतियां हैं।

# धनहरा में रेत की चोरी करते चार ट्रैक्टर जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार चौथे दिन हुई कार्रवाई में धनहरा क्षेत्र से रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त चार बिना नंबर के ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है। कार्रवाई से अवैध खनन में जुटे लोगों में हड़कंप की स्थिति है।**



कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश एवं खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया के नेतृत्व में आज बुधवार को धनहरा क्षेत्र में जांच कार्रवाई की गई। इस दौरान रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न चार ट्रैक्टरों को पकड़ा गया।

जप्त वाहनों में सोनालिका एमएम-35, न्यू हॉलैंड प्लस 3032, पावरट्रैक 434 प्लस और स्वराज 735 एफई शामिल हैं। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ पुलिस थाना माड़ा में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग द्वारा जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### भाईदूज पर कल जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**सिंगरौली 9 सितम्बर (एनबीएन)।** कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा भाईदूज के पावन पर्व के अवसर पर सिंगरौली जिले के संपूर्ण क्षेत्र में 11 नवंबर दिन बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश संबंधी आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जारी आदेश के माध्यम से 4 मार्च 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।

# ज्ञान परीक्षा में सिंगरौली की सुरमिला का जलवा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर सिंगरौली की बेटी सुरमिला शाह ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिस पर पूरा जिला गौरवान्वित है।**



ग्राम खटखरी निवासी 20 वर्षीय सुरमिला शाह ने क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित ज्ञान परीक्षा में मध्य क्षेत्र, जिसमें महाकौशल एवं मालवा प्रांत शामिल हैं, में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता के लिए उन्हें 11 हजार की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। सुरमिला की उपलब्धि पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि जिले की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सिंगरौली का नाम रोशन कर रही हैं। सुरमिला की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। सुरमिला ने कक्षा 1 से 8वीं तक वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, बुधेला में शिक्षा प्राप्त की। कक्षा 9वीं से 12वीं तक वह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैढ़न की छात्रा रहीं। वर्तमान में वह प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, बैढ़न में अध्ययनरत हैं। क्रीड़ा भारती के महाकौशल प्रांत के प्रांतीय अधिकारी एवं प्रांत मंत्री राकेश त्रिपाठी ने भी सुरमिला को बधाई दी। क्रीड़ा भारती सिंगरौली के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला मंत्री संजय सिंघम शाह सहित संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

# एनसीएल के नए सीएमडी बने एन फ्रैंकलिन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। एनसीएल-सिंगरौली के नए चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर सीएमडी के रूप में एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने कार्यभार ग्रहण किया।**



एनसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित अनुषंगी कंपनी है। एन फ्रैंकलिन जयकुमार को कोयला एवं लिग्नाइट खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारत और विदेशों में मशीनीकृत भूमिगत एवं ओपनकास्ट खदानों में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। एनसीएल में पदभार संभालने से पहले वह एसईसीएल में निदेशक तकनीकी, ऑपरेशंस के पद पर कार्यरत थे। उनके कार्यकाल में एसईसीएल ने कोयला उत्पादन, ऑफ टेक और ओवरबर्डन ओबी, हटाने के क्षेत्र में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। इसके साथ ही खदानों के आधुनिकीकरण और मशीनीकरण को भी गति दी गई।

# बैगा बस्ती में पोषण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**निकाली गई पोषण जागरूकता रैली टीकाकरण की दी जानकारी**

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र गुप्ता एवं परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत के मार्गदर्शन में जयंत बैगा बस्ती में पोषण स्वास्थ्य शिविर एवं पोषण माह अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मीनाक्षी शुक्ल ने हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत महिलाओं एवं बच्चों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं नियमित खान-पान, वजन की नियमित निगरानी तथा कुपोषण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही भोजन में विविधता अपनाने, बच्चों के समुचित पोषण, समय पर टीकाकरण तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की पात्रता एवं लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पोषण रैली के माध्यम से लोगों को कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण, पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्यकर जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

# सिंगरौलिया हवाई पट्टी के ओएलएस सर्वे का कार्य पूर्ण

## एनटीपीसी की चिमनियों, एनसीएल के ओवरबर्डन पहाड़ों और शहर के ऊंचे भवनों का भी जुटाया डाटा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। सिंगरौलिया हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। हवाई यातायात के संचालन के लिए आवश्यक सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में शामिल ओएलएस सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।**



भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण नई दिल्ली की चार सदस्यीय टीम ने 3 सितंबर को सिंगरौली पहुंचकर सर्वे कार्य शुरू किया था। टीम ने लोक निर्माण विभाग सिंगरौली के अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी के चारों ओर विस्तृत सर्वेक्षण किया।

सर्वे के दौरान आसपास मौजूद संभावित अवरोधों और ऊंचाई वाले स्थानों की तकनीकी जानकारी जुटाई गई। इसमें शासन पावर कंपनी की चिमनियों के साथ तियरा, काम, सिंगरौलिया, कटौली, खुटार, अमलोरी, बनौली सहित आसपास के क्षेत्रों को शामिल किया गया। इसके अलावा एनटीपीसी की ऊंची चिमनियों तथा एनसीएल के ओवरबर्डन से बने ऊंचे पहाड़ों के उच्चतम स्थानों का भी सर्वे किया गया।

### राज्य सरकार को सौपी जाएगी रिपोर्ट

शहर में स्थित ऊंचे भवनों और अन्य संभावित अवरोधों की ऊंचाई का डाटा भी एकत्रित किया गया। चार सदस्यीय एएआई टीम आज बुधवार को सर्वे कार्य पूरा करने के बाद नई दिल्ली रवाना हो गई। अब सर्वे से जुटाए गए तकनीकी आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर राज्य शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद सिंगरौलिया हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की आगामी प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद है। सर्वे कार्य में एएआई नई दिल्ली की टीम के सदस्य अशोक तिर्की, मुकेश, योगेंद्र कुमार और आशीष गुप्ता के साथ लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री तेजस्वनी शुक्ला, सहायक यंत्री संजय श्रीवास्तव एवं देवेश नामदेव का विशेष योगदान रहा।

CMYK